**विधान परिषद के द्वितीय सत्र 2024 के प्रथम शुक्रवार हेतु निर्धारित डा0 मान सिंह यादव, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-6 का उत्तर**

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 6. (क) क्या बेसिक शिक्षा मंत्री बतायेंगे कि प्रदेश के शिक्षामित्र संघ के पदाधिकारियों/शिक्षकों के दिनांक 01 दिसम्बर, 2023 से दिनांक 13 मार्च, 2024 तक कितने पत्र संबंधित विभाग के अपर मुख्य सचिव को प्राप्त हुए है ? | अभिलेखानुसार प्रदेश के शिक्षामित्र संघ के दिनांक 01 दिसम्बर, 2023 से दिनांक 13 मार्च, 2024 के मध्य कुल 15 पत्र प्राप्त हुए हैं। |
| (ख) उक्त पत्रों मे क्या-क्या अनुरोध किये गये है और किये गये अनुरोध पर अब तक क्या कार्यवाही हुई है ? | उक्त पत्रों में मुख्य रूप से निम्नलिखित अनुरोध किये गये हैं-<br>1. शिक्षा मित्रों को सहा0 अध्यापक के पद पर समायोजन।<br>2. शिक्षा मित्रों के मानदेय में वृद्धि।<br>3. महिला शिक्षा मित्रों का उनके मायके से ससुराल के जनपद में अंतर्जनपदीय स्थानान्तरण।<br>4. शिक्षा मित्रों को नियमित शिक्षकों की भांति मातृत्व अवकाश।<br>5. समान कार्य हेतु समान वेतन।<br>शिक्षा मित्रों की समस्याओं/मांगों के निराकरण के संबंध में विचार किये जाने हेतु शिक्षा निदेशक (बेसिक), उ0प्र0 की अध्यक्षता में एक चार सदस्यीय समिति का गठन किया गया है। |
| (ग) क्या उक्त का सम्पुर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे? | उक्तानुसार। |
| (घ) यदि नहीं, तो क्यों? | प्रश्न नहीं उठता। |

संदीप सिंह
राज्य मंत्री(स्वतन्त्र प्रभार)।